# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 21 नवंबर 2024

नागपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिशत के अनुसार हिंगणा ने 55.79 %, कामठी 53.45 %, काटोल 59.43 %, मध्य नागपुर 50.67 %, नागपुर पूर्व 55.98 %, नागपुर उत्तर 51.70 %, नागपुर दक्षिण 53.36 %, नागपुर दक्षिण पश्चिम 51.54 %, नागपुर पश्चिम 51.89 %, रामटेक 65 .59 %, सावनेर में 64.23 % जबकि उमरेड विधानसभा क्षेत्र में 67.37 प्रतिशत मतदान हुआ.





# नागपुर जिले में 60.49% मतदान

## उमरेड में सबसे ज्यादा और मध्य नागपुर में सबसे कम मतदान

**राज्य की उपराजधानी नागपुर जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों में शाम 5 बजे तक औसतन 56 से 60.49 फीसदी मतदान हुआ. बुधवार को मतदान के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह था. सुबह से ही मतदान बूथों पर लोगों की भीड़ नजर आई. मतदान के प्रति लोगों में उत्साह दिखा.**

**नागपुर.** इस दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के उम्मीदवार देवेंद्र फडणवीस, डॉ.नितिन राउत, आशीष देशमुख, चंद्रशेखर बावनकुले, प्रवीण दटके, राजेंद्र मूलक, मोहन मते, समीर मेघे, गिरीश पांडव, बंटी शेलके, कृष्णा खोपड़े, मिलिंद माने आदि उमीदवारों ने मतदान किया. नागपुर मनपा आयुक्त डॉ.अभिजीत चौधरी ने पत्नी समेत,जिलाधिकारी एवं निर्वाचन निर्णय अधिकारी डॉ. विपिन इटनकर और उनकी पत्नी और पुलिस कमिश्नर डॉ.रवीन्द्र सिंगल ने रविनगर क्षेत्र के सीपी एंड बरार स्कूल के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. ग्रामीण इलाकों में सोयाबीन और अन्य कृषि उत्पादों के दाम नहीं मिलने से किसानों और शहर में युवाओं और महिलाओं में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर थोड़ा गुस्सा था. नागपुर जिले के हिंगणा विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी द्वारा छात्रावास के छात्रों से फर्जी वोट डलवाने की शिकायत से माहौल गरमा गया. मध्य नागपुर में नाइक तलाओ बांग्लादेश इलाके में कांग्रेस की ओर से पैसे बांटे जाने की शिकायत के बाद हंगामा मच गया. पुलिस और चुनाव प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंच गया. इस बार वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायतें लोकसभा की तुलना में कम रहीं. काटोल विधानसभा क्षेत्र में घटना के बावजूद, काटोल, सावनेर, रामटेक, कामठी निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम के संबंध में कुछ शिकायतों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा. मध्य नागपुर विधानसभा क्षेत्र के संत कबीर प्राइमरी स्कूल मतदान केंद्र में ईवीएम में तकनीकी खराबी आ गई। एक घंटे की देरी से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। उत्तर नागपुर संसदीय क्षेत्र में कस्तूरबा नगर इलाके में भी ईवीएम बंद हो गई. उत्तर नागपुर में दो घंटे तक ईवीएम बंद रहीं, जिससे मतदाता परेशान होकर वापस लौटे.













### अमरावती संभाग के 5 जिलों में हुआ मतदान


विधान सभा आम चुनाव के लिए अमरावती संभाग में शाम 5 बजे तक लगभग 59.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. संभाग में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई. जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयीं. अमरावती संभाग के 5 जिलों में आज शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत अकोला जिले में 56.16 प्रतिशत, अमरावती जिले में 58.48 प्रतिशत, बुलढाणा जिले में 62.84 प्रतिशत, वाशिम जिले में 57.42 प्रतिशत और यवतमाल जिले में 61.22 प्रतिशत है.





## आयशर ट्रक ने कार को मारी टक्कर

### एक महिला की मौत, चालक भी गंभीर रूप से घायल



**नागपुर.** हिंगना पुलिस थाने के अमरावती रोड स्थित धामना परिसर स्थित पुल पर यू टर्न ले रही एक कार को तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने टकर मार दी। इस दुर्घटना में कार के सामने खड़ी एक महिला पुल के नीचे गिर गई जिसकी बाद में मौत हो गई. इस दुर्घटना में कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है.


पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. यह दुर्घटना देर रात करीब 12:50 के दौरान हुई. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी श्लोक ललित ठक्कर (19) मोती नगर, अमरावती निवासी अपनी मां सुषमा अपने पिता ललित और बहन सानिया तथा मामा अजय अंबादास दंडाले (50) विद्युत नगर, अमरावती निवासी के साथ होंडा अमेज गाड़ी क्रमांक एम एच 05 बी एस 5390 से नागपुर की तरफ आ रहे थे. इस दौरान अचानक धामना स्थित पूल पर उनकी गाड़ी बंद पड़ गई. जिसके चलते सुषमा तथा सानिया गाड़ी से नीचे उतर गए, जबकि चालक अजय ड्राइवर सीट पर बैठकर गाड़ी को आगे बढाने लगे।

इस दौरान श्लोक तथा उनके पिता ललित गाड़ी को धकेलने लगे। पुल पर यू टर्न लेते समय सामने से आ रहे आईसर ट्रक क्रमांक एम एच 12 व्ही. टी.8222 के चालक ने तेज गति से अपना ट्रक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार के सामने खड़ी सुषमा कार का धक्का लगने के बाद पुल से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई और उनके सिर पर चोट आई।


उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भी ले जाया गया। इस दुर्घटना में अजय भी घायल हुए जिन्हें भी निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान ही अस्पताल में सुषमा की मौत हो गई जबकि अजय दंडाले का इलाज जारी है। पुलिस ने फरियादी श्लोक ललित ठक्कर (19) मोती नगर अमरावती निवासी की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.









## महल के झंडा चौक पर बढ़ गया तनाव

### चुनाव अधिकारी से हाथापाई, गाड़ी में भी हुई तोड़फोड़

**नागपुर.** कोतवाली पुलिस थाना अंतर्गत मध्य नागपुर विधान सभा क्षेत्र सुबह से ही दिन भर प्रशासन के लिए सिर दर्द बना हुआ था. लेकिन शाम को महल के झंडा चौक परिसर में एक चुनाव अधिकारी को ईवीएम मशीन के साथ देखे जाने पर मतदान को प्रभावित करने का भ्रम फैल गया. इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. दोनों तरफ से उम्मीदवारों ने कार्यकर्ताओं को शांत करने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी. तनाव का माहौल देखते हुए आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और तगड़ा बंदोबस्त तैनात किया गया. दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप होते रहे. पुलिस के अनुसार मध्य नागपुर विधान सभा सीट के विभागीय चुनाव अधिकारी शाम 7 बजे के दौरान कुछ दस्तावेज की जेराक्स करवाने के लिए झंडा चौक के समीप एक दूकान पर गए थे. उनके पास अतिरिक्त ईवीएम मशीन भी थी. कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव अधिकारी को ईवीएम मशीन के साथ जाते देखा और रास्ते पर ही घेर कर सवाल करने लगे. अधिकारी ने बताया कि यह एक अतिरिक्त मशीन है.

जिसका पोलिंग बूथ पर हुए मतदान से कोई संबंध नहीं है. अधिकारी ने वहां से जाने का प्रयास किया तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया. कुछ लोगों ने सरकारी वाहन क्र. एम.एच.19-बी.यू.6027 पर पथराव भी कर दिया. जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची. वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ईवीएम मशीन को नुकसान पहुंचाने की अफवाह फैल गई. भाजपा उम्मीदवार प्रवीण दटके और कांग्रेस उम्मीदवार बंटी शेलके भी मौके पर पहुंच गए.

वहां कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं का आमना-सामना होने पर तनाव का वातावरण बन गया. डीसीपी जोन 3 महक स्वामी और डीसीपी क्राइम राहुल माकणीकर ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला. दोनों तरफ के कार्यकर्ताओं को खदेड़ा गया. इसके बाद बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली थाने के सामने जमा हो गए. कांग्रेस उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई. पुलिस ने चुनाव अधिकारी और उनकी टीम को मतदान केंद्र पर सुरक्षित पहुंचा दिया और खबर लिखे जाने तक ईवीएम मशीन सील भी की जा चुकी थी. सीपी रविंद्रकुमार सिंगल ने बताया कि ईवीएम मशीन को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है. संभ्रम को लेकर तनाव की स्थिति निर्माण हुई थी लेकिन पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है और दोनों पक्षों के लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है.

## फ्लाईओवर पर खड़े ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार कार




**नागपुर.** धंतोली पुलिस थाना अंतर्गत अजनी चौक से एयरपोर्ट की तरफ जाते हुए फ्लाईओवर पर लापरवाही से खड़े किए एक आयशर ट्रक से एक कार की भिडंत हो गई. इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए कार चालक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी. मृतक की पहचान मोहम्मद फारुख मोहम्मद हारुल (38) येरखेड़ा रोड, इस्लामपुरा, बुनकर कॉलोनी, नवीन कामठी के रूप में हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद फारूक मंगलवार सुबह करीब सवा 10 बजे के दौरान अपनी सेंट्रो कार क्रमांक एम एच 31 सी. एम. 3279 से एयरपोर्ट की तरफ जा रहे थे, उसी दौरान अजनी चौक के फ्लाईवर पर आयशर ट्रक के चालक विनोद संजय राव नाईक (35) देवली, वर्धा निवासी ने अपना लोडेड ट्रक क्रमांक एम एच 40 वाय 0698 में खराबी आने के बाद बिना किसी ट्रैफिक साईन बोर्ड के सड़क पर ही खड़ा किया था. इसकी चपेट में आकर मोहम्मद फारूक की कार की जोरदार टक्कर हो गई थी. इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मोहम्मद फारुख को एम्स हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया. परंतु इलाज के दौरान ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया. पुलिस ने फरियादी मुजम्मिल अशरफ मोहम्मद अशफाक (25) कामगार नगर, नवीन कामठी निवासी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

CMYK

# मतदान के दौरान चप्पे-चप्पे पर रही कामठी पुलिस





**कामठी.**

बुधवार को स्थानीय कामठी- मौदा विधानसभा चुनाव के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में कामठी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में चप्पे-चप्पे पर नया कामठी पुलिस थाना व जुना कामठी पुलिस थाना में पुलिस मुस्तैद रही. गड़बड़ी की आशंका वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई गई. बेरीकेडिंग के बाद सिर्फ मतदाताओं को जाने की इजाजत थी. साथ ही मतदेय स्थल से 200 मीटर दूरी तक सभी प्रतिष्ठान पुलिस ने बंद करवा दिए थे. हर मतदेय स्थल के साथ प्रशासनिक चुनाव अधिकारी एसडीएम सचिन गोसावी, चुनाव अधिकारी तहसीलदार गणेश जगदाले, चुनाव अधिकारी मुख्याधिकारी संदीप बोरकर एवं पुलिस अधिकारियों में नया कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे, जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े, यातायात पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे सहित खुशिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, शैलेश यादव, सूचित गजभिये, ट्राफिक के प्रमोद ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी प्रत्याशियों के समर्थकों पर भी पैनी नजर रखे थे. घूम-घूमकर सुरक्षा का जायजा लेते रहे थे. पूरी मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई.

ज्ञात हो कि मतदान के पहले दिन सीपी डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल, डीसीपी निकेतन कदम, एसीपी विशाल क्षीरसागर सहित अन्य उच्चाधिकारी भी अपने लाव लश्कर के साथ बूथ पर पहुंचे और सुरक्षा का जायजा लिया. किसी भी मतदाता के साथ अनहोनी न होने पाए इसके लिए पुलिस ने पूरे इंतजाम किए थे.

कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश भोयर के जीत के लिए शहर अध्यक्ष रमेश दुबे, नप पूर्व उपाध्यक्ष शाहजहां सफात अंसारी, पूर्व उपाध्यक्ष अहफ़ाज़ अहमद ठेकेदार, नप पूर्व उपाध्यक्ष काशीनाथ प्रधान, प्रदेश महासचिव शकुर नागाणी, प्रदेश सचिव प्रसन्ना उर्फ राजा तिड़के, पंस पूर्व सभापति कमलाकर मोहोड़, नप पूर्व सभापति नीरज लोणारे, नप पूर्व सभापति वैशाली बॉबी मानवटकर, पूर्व सदस्य हाजी अरशद मेंबर, पंचायत समिति सदस्य सुमेध रंगारी, ग्राम पंचायत सदस्य सुनील चलपे, सदस्य मयुर गणेर, पूर्व सेवादल शहर अध्यक्ष नितेश यादव, युवा नेता अभिषेक चिमनकर, छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष सोमेश जेटली, प्रदेश युवक कांग्रेस पूर्व महासचिव इरशाद शेख़, प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव तोशल आमधरे, महिला अध्यक्ष सुरैया बानो, तालुका युवक कांग्रेस अध्यक्ष निखिल फलके, खैरी ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी, भीलगांव ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके, पूर्व उपसरपंच चंद्रकांत फलके, खैरी ग्राम पंचायत सरपंच योगिता धांडे, सतीश नवले, इसके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक सेल राष्ट्रीय महासचिव नौशाद सिद्दीकी, समाजवादी पार्टी महिला सभा अध्यक्ष माया चवरे, रिपाई गवई ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर आदि ने दावा ठोका है. साथ ही बसपा, भीमसेना, वंचित आघाड़ी, विदर्भ जनता पार्टी, जैसे प्रमुख दलों के अपने-अपने पैनल के उम्मीदवारों के टक्कर होने का दावा किया है.

## दिन भर चलता रहा वोट के लिए जोड़-तोड़

चुनाव मतदान दौरान प्रत्याशी और उनके समर्थक बूथ मैनेजमेंट और जोड़ तोड़ पर ताकत लगाते दिखे. पूरी शिद्दत से जोड़ तोड़ कर मतदाताओं को अपने अपने पाले में लाने के लिए विभिन्न प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं ने आखिरी ताकत झोंक दी है. हर जगह कुछ मतदाता ऐसे भी होते हैं जो वोट के बदले कुछ उम्मीद लगाए हुए थे, जिन्हें निराशा हाथ लगी है. ऐसे मतदाताओं पर डोरे डालने के प्रयास में हर दल रहते हैं. जो ज्यादा से ज्यादा ऐसे मतदाता को अपने पाले में कर पाएंगे तो उन्हें जीत का अंतर बढ़ा सकते हैं. यदि हारने वाले के पाले में ऐसे मतदाता ज्यादा रहे तो हार के अंतर को कम कर सकते हैं. सुबह से वोट पड़े. इसकी तैयारी में लोग जुटे थे. कैंपेनर और प्रत्याशी उन जगहों पर ताकत झोंक रहे थे, जहां उनकी स्थिति उनके आकलन में अपेक्षाकृत कमजोर रहे.

## अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा ठोका

मतदान उपरांत भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले के जीत के लिए भाजपा के ज़िला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, ज़िला व्यापार आघाड़ी संयोजक रवि गोयल, शहर कार्याध्यक्ष राज हाड़ोती, शहर पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर तूप्पट, जिला मंत्री सुनील खानवानी, ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, शहर महामंत्री विनोद संगेवार, शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, शहर प्रसिद्धि सहप्रमुख आशुतोष अवस्थी, रणाला से ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, पूर्व सरपंच अरविंद डोंगरे, उपसरपंच अंकिता कोविद तलेकर, पूर्व उपसरपंच आरती चेतन कुल्लरकर, तालुका भाजयुमो महामंत्री प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, रणाला अध्यक्ष सुनील मोहोड़, ग्राम पंचायत सदस्य आमिर खान, स्वप्निल फुकटे, मंगला अशोक ठाकरे, सुनीता नंदेश्वर, स्मिता महेंद्र भोयर, पूर्व सदस्य नरेश उर्फ बिट्टू चकोले, भारती ठाकरे, अधविता घोरमारे, भीलगांव से ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकड़े, भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, पूर्व अध्यक्ष प्रशांत नायडू, महिला आघाड़ी भीलगांव अध्यक्ष सुचिता वाड़ीभस्मे मेश्राम, तालुका महामंत्री ब्रह्माजी काले, तालुका महामंत्री रजनी राजेश भनारे, ज़िला बचत गट आधाड़ी संयोजिका लतेश्वरी ब्रह्मा काले, उपसरपंच मनोज जीभकाटे, ग्रापं सदस्य आशीष भनारे, तालुका अल्पसंख्यक सेल अध्यक्ष अफ़सर खान, महाराष्ट्र तैलिक समाज शाहू महासभा महासचिव सुभाष श्रीराम घाटे, टीपी गुप्ता, एकनाथ भनारे, योगेश भनारे, शालिक बंजारी, नितेश भनारे, रमेश सेलोकर मनोज लोहिया इनके बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के पदाधिकारियों में विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर, छावनी क्षेत्र अध्यक्ष व छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सीरिया, नप पूर्व नगरसेविका सावला सिंगाड़े गजभिए आदि के अलावा शिवसेना (शिंदे) प्रदेश सचिव शुभम नवले, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश स्वामी, मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, नप पूर्व सभापति श्रावण केझरकर, पूर्व सदस्य प्रमेंद्र यादव, परमात्मा एक सेवक संघ भीलगांव अध्यक्ष राजेश भनारे आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओंने दावा किए.

# वोटिंग को लेकर बुजुर्गों में दिखा जोश

**कामठी.**

विधानसभा चुनाव में वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करने की बुजर्गों में भी लालसा दिखाई दी. वोट डालने के लिए दूसरों का सहारा लेकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे बुजुर्गों के जोश ने युवाओं को मजबूत लोकतंत्र बनाने में भागीदार बनने का एक अहम संदेश दिया.

वहीं जूनी ओली की रहने वाली बुजर्ग अस्वस्थ महिला शैला सत्यनारायण शर्मा ने वोट डालने जाने के दौरान बताया कि मतदान करने में कभी पीछे नहीं रहे. कैसा भी चुनाव हो. सबसे पहले मतदान किया है. अस्वस्थ महिला शैला सत्यनारायण शर्मा ने भाजपा की संगीता सचिन




अग्रवाल सहित मोहल्ले के लोगों के साथ व्हील चेयर में बैठकर सरस्वती स्कूल मतदान केंद्र में जाकर अपना वोट किया. लौटते वक्त उन्होंने बताया कि मतदान बहुत जरूरी है. अपने मत का प्रयोग हमें हर हाल में करना चाहिए. हमने आज तक मतदान को कभी गैर जरूरी नहीं समझा. मतदान करना हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है.

# बीमारी का पता लगाने के लिए फेफड़ों की स्थिति समझना जरूरी

**नागपुर.**

विश्व सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़) दिवस के भाग के रूप में, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है. यह इस साल की थीम, 'अपने लंग फंक्शन को जानें' के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर में होने वाली मौतों में गैर-संचारी रोग (एनसीडी) का हिस्सा 74% है. सीओपीडी जैसी सांस की क्रोनिक बीमारी (सीआरडी) स्वास्थ्य परिणामों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, खासकर भारत में. ब्रीदफ्री जैसी पहल, भौतिक और डिजिटल दोनों संसाधन मुहैया कराती है। इनमें हाल ही में फिर से शुरू की गई ब्रीदफ्री वेबसाइट शामिल है जो रोगियों को उनकी पूरी चिकित्सा यात्रा में सहायता करती है. फेफड़े के कार्य परीक्षण



के महत्व पर बोलते हुए डॉ. राजेश स्वर्णकार, पल्मोनोलॉजिस्ट, नागपुर ने कहा, "सीओपीडी जैसी क्रोनिक श्वसन बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए बीमारी का शुरू में ही पता चल जाना और उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण हैं. स्पाइरोमेट्री, फेफड़े का एक कार्य परीक्षण है जो फेफड़ों द्वारा धारण की जा सकने वाली हवा की मात्रा और आप कितनी जल्दी साँस छोड़ सकते हैं, को मापता है। यह सीओपीडी का जल्द पता लगाने यानी इससे पहले कि स्थिति की गंभीरता और बढ़ जाए, के लिए महत्वपूर्ण है. दुर्भाग्य से, भारत में कई व्यक्ति सीओपीडी के लक्षणों को तभी पहचान पाते हैं जब उनके परिवार के किसी सदस्य को यह अनुभव होता है, अक्सर शुरुआती लक्षणों को उम्र बढ़ने, सामान्य फ्लू या धूम्रपान करने वालों की खांसी के रूप में खारिज कर देते हैं. इसलिए मरीज़ों को शिक्षित करना ज़रूरी है. जानकारी देने के लिए नई ब्रीदफ्री वेबसाइट जैसे विश्वसनीय संसाधन भारत में फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के मिशन में लोगों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

# मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की पर्याप्त व्यवस्था

### > 643 केंद्रों पर 671 कर्मचारियों ने दी सेवा

**नागपुर.**

विधानसभा चुनावों के लिए शहर भर में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। शहर के करीब 643 मतदान केन्द्र पर स्वास्थ्य विभाग ने कर्मचारियों को नियुक्त किया था। लोकसभा चुनावों के दौरान अधिकतर मतदाताओं और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ऐहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग ने 11 एम्बुलेंस समेत कर्मचारियों को भी तैनात किया था। शहर के सतरंजीपुरा में एक बूथ पर पुलिस कर्मचारी को मिर्गी का दौरा पड़ने के अलावा कोई भी परेशानी का समाचार नहीं है।

शहर में मनपा आयुक्त डॉ अभिजीत चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दीपक सेलोकार ने मतदान केन्द्र पर पुख्ता व्यवस्था रखी। शहर के सभी मतदान क्षेत्र के लिए एम्बुलेंस समेत आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा को तैनात रख गया। हेल्पलाइन क्रमांक 108 की करीब



11 एम्बुलेंस को तैनात किया गया। स्वास्थ्य कर्मचारियों को ओआरएस पावडर, डायबिटिज, बीपी की दवाई की गोली के साथ चक्कर, उल्टी समेत सामान्य बुखार की दवाई दी गई। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी अतिरिक्त स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेन्द्र बहिरवार, प्रजनन स्वास्थ्य सेवा अधिकारी डॉ सरला लाड़ और डॉ गोवर्धन नवखरे पूरी तरह करते रहे।

मनपा प्रशासन ने इस साल 20 अप्रैल को संपन्न लोकसभा चुनाव की स्थिति से सबक लेते हुए प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर व्यवस्था कर रखी। लोकसभा चुनावों के दौरान बेहद गर्मी के चलते करीब 100 से अधिक मरीज मिले थे। इसके साथ ही पोलिंग स्टेशन और बूथ पर के कर्मचारी भी गर्मी से बेहाल होते रहे थे। कई कर्मचारियों को धूप और ऊमस के चलते लू लगने के मामले सामने आएं थे। ऐसे में विधानसभा चुनावों के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती रही है।

मनपा के स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता से सभी बूथ और मतदान केन्द्रों पर कर्मचारियों और नागरिकों को परेशानी नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग को मनपा के जोन क्रमांक 7 सतरंजीपूरा में कुंदनलाल गुप्ता नगर के विशाखा हाइस्कूल बूथ पर बेलतरोड़ी पुलिस स्टेशन के कर्मचारी नितिन येरपुडे (30) बेहोश हो गया। तत्काल अन्य पुलिस कर्मचारियों की ओर से जांच कर मेडिकल अस्पताल में भेजा गया। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक मिर्गी की बीमारी के चलते बेहोश हुआ था। पुलिस कर्मचारी का उपचार और दवाईयां चल रही है, लेकिन लगातार डयुटी के चलते स्वास्थ्य खराब हो गया।

**जोन मतदान केंद्रों में नियुक्त कर्मचारी**

| | | |
|---|---|---|
| लक्ष्मीनगर | 57 | 70 |
| धरमपेठ | 68 | 69 |
| हनुमाननगर | 171 | 171 |
| धंतोली | 52 | 66 |
| नेहरूनगर | 23 | 23 |
| गांधीबाग | 58 | 60 |
| सतरंजीपूरा | 69 | 69 |
| लकड़गंज | 57 | 57 |
| आसीनगर | 76 | 78 |
| मंगलवारी | 64 | 74 |
| कुल | 643 | 671 |

# मतदान के दौरान कई केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी



**नागपुर..** मध्य नागपुर विधानसभा क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी के कारण मतदाताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। संत कबीर प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर ईवीएम करीब एक घंटे तक बंद रही, जिससे मतदान में देरी हुई।

इसी प्रकार, नाइक तालाब परिसर स्थित महात्मा फुले स्कूल मतदान केंद्र पर भी ईवीएम शुरू नहीं हो सकी, जिसके कारण मतदान एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। इन गड़बड़ियों के कारण मतदाताओं को परेशानी हुई, लेकिन चुनाव अधिकारियों ने शीघ्र ही मौके पर पहुंचकर ईवीएम मशीनों में सुधार किया, और इसके बाद मतदान प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो सकी।

# 4 आरोपियों पर ठगी का मामला दर्ज

**नागपुर.**

जरीपटका इलाके के एक कारोबारी की बेटी को बंग्लुरू के एक मेडिकल कॉलेज में एमडी टर्मिनॉलॉजी में प्रवेश दिलाने के नाम पर 70 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित कारोबारी सतीश लालवानी की शिकायत पर जरीपटका पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जिन आरोपियों पर यह मामला दर्ज किया गया है, उनमें आरोपी सौरव कुलकर्णी मेडिकल चौक नागपुर , के. कृष्णमूर्ति बंग्लुरू, नुन्ना अनीस और जुनेद बंग्लुरू निवासी का समावेश है। इन आरोपियों ने सतीश की बेटी दिव्या की तरह कई अन्य विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी की है। इस मामले की गहन जांच की गई तो शहर के विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले इस गिरोह का पूरा भांडाफोड़ हो सकता है। साथ ही यह भी मामला उजागर हो जाएगा कि दूसरे राज्यों के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी करनेवाले इस गिरोह के तार नागपुर से जुड़े हैं। इस गिरोह ने




पीड़ित सतीश लालवानी की बेटी को कैंसल सीट पर प्रवेश दिलाने के बहाने पहले उसने 12 लाख रुपए अपने निजी खाते में ट्रांसफर कराए। इसके बाद दोबारा 38 लाख रुपए ऐंठ लिया। पश्चात आरोपियों ने सतीश से कुल 70 लाख रुपए ले लिया और उनकी बेटी को प्रवेश भी नहीं दिलाया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक नंबर 43 महात्मा गांधी स्कूल के पास , जरीपटका निवासी सतीश गुरुमुखदास लालवानी (53) ने जरीपटका थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी को केम्पेगौडा इन्स्टिट्यूट् ऑफ मेडिकल साइन्सेस किम्स चिकित्सा महाविद्यालय बंग्लुरू में एमडी टर्मिनॉलॉजी में प्रवेश दिलाने के नाम पर आरोपी सौरव कुलकर्णी ,के. कृष्णमूर्ति , नुन्ना अनीस और जुनेद ने 28 अक्टूबर 2023 से 15 नवंबर 2024 के दरमियान ठगी की। आरोपियों ने उनकी बेटी दिव्या को उक्त कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर करीब 2 करोड़ 36 लाख रुपए में बातचीत की थी। सतीश जब आरोपियों को यह रकम देने को तैयार हो गए तब आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से सतीश और उनकी बेटी को प्रवेश दिलाने के नाम पर बंग्लुरू बुलाया। सतीश को बताया गया था कि जो उम्मीदवार (विद्यार्थी) अपनी सीट को कैंसल करते हैं, उनकी बेटी को उस सीट पर एडमिशन दिलाया जाएगा। बेटी के एमबीबीएस करने के बाद उसके भविष्य को देखते हुए उन्होंने प्रवेश के लिए 2.36 करोड़ रुपए देने को तैयार हो गए थे।

# विधानसभा चुनाव में रहा कड़ा बंदोबस्त

### > सुरक्षा में 6 हजार से अधिक जवान रहें तैनात

**नागपुर.**

शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे कामठी तहसील में विधानसभा चुनाव के लिए बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पुलिस बंदोबस्त का जायजा लिया। इस दौरान आयुक्त ने बंदोबस्त में तैनात जवानों का विविध पहलुओं पर मार्गदर्शन किया और उन्हें चुनाव के दौरान चौकन्ना और सतर्क रहने की



सलाह दी। कामठी में संवेदनशील और मिश्रित बस्तियों में पुलिस आयुक्त ने आरसीपी पथक व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों व जवानों के साथ पैदल घूमकर निरीक्षण किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कामठी में बनाए गए ईवीएम वितरण केंद्र में पहुंचकर ईवीएम वितरण बंदोबस्त बाबत कामठी विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर से चर्चा की। केंद्र व 346 पोलिंग बूथ हैं। इनमें संवेदनशील बूथ व स्पेशल बूथ हैं। मतदान प्रक्रिया के लिए जरूरी पुलिस बंदोबस्त तैनात कर दिया गया है। पुलिस आयुक्त ने कामठी तहसील के अंतर्गत जूनी कामठी व नवीन कामठी थानांतर्गत आने वाले संवेदनशील इलाके का दौरा किया। उन्होंने जूनी कामठी थानांतर्गत संघ मैदान, राम मंदिर परिसर, मच्छी पूल, मदन चौक, बोरकर चौक, चावड़ी चौक और हैदरी चौक का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने सरस्वती शिशु मंदिर में बूथ की जांच की। नवीन कामठी थानांतर्गत हाजी सेठ जूसब गनी गर्ल्स उर्दू प्राइमरी स्कूल और इस्माईलपुरा, मोदी पड़ाव क्षेत्र में आरसीपी पथक के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस परिमंडल-5 के उपायुक्त निकेतन कदम ने पुलिस आयुक्त को अन्य जानकारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर विशेष शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त नरेंद्र हिवरे, जूनी कामठी थाने के थानेदार प्रशांत जुमड़े व नवीन कामठी के थानेदार प्रमोद पोरे व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक हो इसके लिए शहर पुलिस की ओर से विविध स्थानों पर होने वाले मतदान केंद्रों पर पुलिस बंदोबस्त के लिए छह हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। संवेदनशील बूथों व इलाके में पुलिस के सशस्त्र जवान तैनात रहेंगे। सोमवार की शाम से ही पुलिस कर्मचारियों को रवाना कर दिया गया है। शहर में आज से चौपहिया वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। पुलिस बंदोबस्त के लिए 4 हजार पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, 1500 होमगार्ड, 3 दंगा निरोधक दस्ते, 4 केंद्रीय सुरक्षा दल बंदोबस्त के लिए तैनात किए गए हैं। मतदान केंद्र परिसर की 100 मीटर की दूरी और मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल का उपयोग करने पर पाबंदी रहेगी। नागरिकों से पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल ने अपील की है कि, नियमों का पालन करते हुए पुलिस जवानों को बंदोबस्त में मदद करें।

# रामटेक में कवयित्री शु. भा. थूलकर का किया गया सन्मान

**रामटेक.**

राजयोग कार्य संस्था पुणे, महाराष्ट्र के प्रतिनिधिक प्रेम कवितासमूह द्वारा सुप्रसिद्ध कवयित्री शु. भा. थूलकर का भव्य सम्मान किया गया। उनकी कविता "भेट तुझी" के प्रकाशित होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राज युवा प्रकाशन के सहयोग से विदर्भ संघटक प्रमुख, महाराष्ट्र शाहीर परिषद पुणे और प्रबोधनकार, सुप्रसिद्ध गायक भीम शाहीर प्रदीप कडबे के कर-कमलों से कवयित्री शु. भा. थूलकर को पुस्तक



और सम्मानचिन्ह भेंट कर सन्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में दीपा चव्हाण, छाया मारबते, रूपा उईके, जोशना मेश्राम, वर्षा शेंडे आदि उपस्थित रहे। इस गरिमामय आयोजन में साहित्य और कला प्रेमियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

# वैध रेत तस्कर कर रहे जीएसटी की चोरी

## > जिले में रेत बिक्री का कारोबार करोड़ों में, राजस्व पर पड़ रहा असर



**गोंदिया.**

केंद्र सरकार ने टैक्स चोरों पर अंकुश लगाने के लिए टैक्स प्रणाली शुरू की है. लेकिन उसमें भी कई व्यापारियों ने रास्ता निकाल लिया है. जिले में रेत बिक्री का कारोबार करोड़ों में है. सरकार ने बिल्डिंग मटेरियल पर 18 प्रश. जीएसटी लगाया है. लेकिन, जिले के रेत तस्करों ने एक रास्ता खोज लिया है और सरकार को चुना लगाने का कार्यक्रम अपना लिया है. जिले में बड़े पैमाने पर रेत की तस्करी हो रही है और जीएसटी की ओर अनदेखी की जा रही है. लेकिन, संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है. इससे संबंधित विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान उठने लगे हैं. तिरोड़ा तहसील में यह मामला जोर- शोर से चल रहा है. जिले में रेत तस्करों का बोलबाला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. रेत तस्करों का तस्करी कार्यक्रम न सिर्फ राजस्व विभाग के लिए है, बल्कि उन्होंने टैक्स चोरी का भी रास्ता ढूंढ लिया है. तिरोड़ा तहसील में बड़ी संख्या में रेतीघाट है. इस घाट से खुलेआम रेत की तस्करी हो रही है. इसमें जीएसटी टैक्स प्रणाली नहीं भरी जा रही है. रेत पर 18 प्रश. जीएसटी लगता है. इस वर्ष अब तक रेत घाटों की नीलामी नहीं हो पाई है. ठेके की सीमा से कई गुना ज्यादा रेत का खनन किया जा रहा है. इतना ही नहीं राजस्व विभाग से प्राप्त लाइसेंस पर कई वाहन खुलेआम भेजे जा रहे हैं. जिससे सरकार के राजस्व पर असर पड़ रहा है.

### जीएसटी बिल कमीशन पर लिया जा रहा

ठेकेदार किसी को जीएसटी का बिल नहीं देता. मनमर्जी से जीएसटी बिल का भुगतान कर जीएसटी की एक छोटी राशि सरकारी खजाने में जमा की जा रही है. दूसरी ओर निर्माण के लिए आवश्यक ठेकेदारों को कमीशन पर जीएसटी बिल का भुगतान किया जा रहा है. हालांकि तिरोड़ा तहसील में यह सिलसिला जोरों से चल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है. दरअसल रेत ठेकेदारों की जीएसटी को लेकर जांच ही नहीं की गई. इसलिए जीएसटी दिखाकर सरकार के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है. एक तरफ व्यापारियों की जांच की जा रही है. वहीं दूसरी ओर रेत परिवहन करने वालों को इससे छूट क्यों दी जा रही है? ऐसा सवाल किया जा रहा है.

## सड़क दुर्घटना में महिला सहित 2 बच्चे जखमी

**गोंदिया.** गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम झांजिया निवासी फरियादी अरूण संतोष लांजेवार (35) की पत्नी अपनी दो लड़कियों के साथ दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 वाय 1752 से गोरेगांव से ग्राम झांजिया जा रही थी। इस दौरान तिलकचंद राजाराम पटले के दोपहिया क्रमांक एमएच 35 टी 4995 में रखी टाईल्स उसके वाहन को लगने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अपने वाहन और दो बच्चों के साथ नीचे गिर गई। जिसमें फरियादी की पत्नी और उसके दो बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तिलकचंद पटले अपने दोपहिया वाहन में टाइल्स लेकर जा रहा था। इतना ही नहीं तो वह अपने दोपहिया वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। इस दौरान उसके वाहन की टाईल्स फरियादी की पत्नी के वाहन से टकरा गई। जिसके कारण वह वाहन सहित नीचे गिर गई। यह घटना 16 नवंबर को घटी। फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

# 64 उम्मीदवारों का भाग्य हुआ ईवीएम में बंद

**गोंदिया..**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए आज 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होने जा रहा है। गोंदिया जिले की कुल 4 विधानसभा सीटों पर इस चुनाव में 64 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे है। जिसमें अर्जुनी मोरगांव (अनुसूचित जाती) विधानसभा क्षेत्र में 19, तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र में 21, गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में 15 तथा आमगांव (अनुसूचित जनजाती) विधानसभा क्षेत्र में 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मतदान के लिए अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में 318, तिरोड़ा में 295, गोंदिया में 361 तथा आमगांव विधानसभा क्षेत्र में 311 मतदान केंद्र बनाए गए है। इस तरह जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में मिलाकर कुल 1285 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें आज कुल 11 लाख 25 हजार 100 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। जिले में सर्वाधिक मतदाता गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 25 हजार 556 तथा अर्जुनी मोरगांव में सबसे कम 2 लाख 58 हजार 966 है। इसके अलावा तिरोड़ा में 2 लाख 71 हजार 69 तथा आमगांव में 2 लाख 69 हजार 499 मतदाता है।


### चारों विधानसभा क्षेत्रों में महिलाएं निर्णायक

गोंदिया जिला ऐसा जिला है, जहां चारों विधानसभा क्षेत्रों में पुरूषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। अर्थात महिला मतदाता निर्णायक है। अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 28 हजार 970 पुरूष एवं 1 लाख 29 हजार 996 महिला, तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 32 हजार 906 पुरूष एवं 1 लाख 38 हजार 173 महिला, गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 42 पुरूष तथा 1 लाख 67 हजार 505 महिला मतदाता है। यहां अन्य मतदाताओं की संख्या 9 है। जबकि आमगांव विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 33 हजार 767 पुरूष एवं 1 लाख 35 हजार 731 महिला मतदाता है। अन्य मतदाता एक है।

# मोबाइल चोर नागपुर में गिरफ्तार

## > डीबी पथक ने की कार्रवाई

**गोंदिया..**



शहर पुलिस थानांतर्गत राणी सती मंदिर के पीछे नगर परिषद रोड़ गंज वार्ड गोंदिया स्थित विनय प्रकाशलाल चांदवानी (36) की मोबाइल दुकान से अज्ञात चोर ने 15 नवंबर की रात 9 बजे से 16 नवंबर को सुबह 6 बजे के बीच दो नग मोबाइल चुरा लिया था। फरियादी की शिकायत के आधार पर शहर पुलिस ने 16 नवंबर को अपराध क्रमांक 751/2024, धारा 305, 331 भारतीय न्याय संहिता के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस मामले में पुलिस ने चोर को 20 हजार 846 रुपए के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम नागपुर जिले के दिघोरी निवासी सतीश गौरीशंकर कोलते (18) बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में डी.बी. पथक के पुलिसकर्मियों को जानकारी मिली कि सतीश कोलते यह नागपुर रेलवे स्टेशन परिसर में मोबाइल बिक्री के लिए आया है। जिस पर 18 नवंबर 2024 को रेलवे स्टेशन परिसर से उसे हिरासत में लिया गया और उसकी तलाशी की गई। उसके पास से राणी सती मंदिर के पीछे नगर परिषद रोड़ गंज वार्ड गोंदिया स्थित विनय प्रकाशलाल चांदवानी के दुकान से चोरी गए रेडमी कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमत 8 हजार 96 रुपए, एक रियल मी कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमत 11 हजार 900 रुपए एवं एक एयरपॉट की कीमत 850 रुपए मिलाकर कुल 20 हजार 846 रुपए का माल जब्त किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ नागपुर के सक्करदरा तथा सीताबर्डी पुलिस स्टेशन में चोरी एवं घरफोड़ी के मामले दर्ज है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार सतीश शेंडे कर रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, डी.बी. पथक के पुलिसकर्मी जागेश्वर उइके, कवलपालसिंह भाटिया, सुदेश टेंभरे, सतीश शेंडे, निशिकांत लोंदासे, दीपक रहांगडाले, प्रमोद चव्हाण, महिला पुलिस हवलदार रीना चव्हाण, पुलिसकर्मी दिनेश बिसेन, सुभाष सोनवाने, मुकेश रावते, कुणाल बारेवार, अशोक रहांगडाले ने की।

# एनसीपी शरदचंद्र पवार के प्रवक्ता के साथ मारपीट

## > बीजेपी कार्यकर्ताओं पर आरोप

वर्धा.राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार गुट के प्रदेश प्रवक्ता नितेश कराले मास्टर के साथ मारपीट हुई है. खबर है कि नितेश कराले के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मारपीट की है. जानकारी है कि कराले के साथ उमरी मेघे गांव में मारपीट की गई है. इस घटना के बाद महाविकास अघाड़ी के कार्यकर्ता कराले मास्टर के साथ सावंगी पुलिस स्टेशन पहुंचे हैं. महाविकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कराले मास्टर के साथ भाजपा के विधायक पंकज भोयर के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की है.

## खेत से धान के कट्टे चोरी



**गोंदिया.** गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम नोनीटोला (सोनी) निवासी फरियादी यशवंत जोधेलाल पुंडे (25) के खेत से सुना मौका पाकर आरोपी अंकित श्यामलाल बोपचे (25) एवं चंद्रकांत मानिक मौजे (35) ने 29 में से 10 धान के कट्टो को चुरा लिया। जिसकी कींमत 10 हजार रूपए बताई गई है। इस घटना की जानकारी ग्राम के ही छन्नीलाल तुरकर तथा नारायण पुंडे ने फरियादी को दी। फरियादी ने धान खरीदी करने वाले शंकर येडे पर भी शक जताया। यह घटना 17 नवंबर को सुबह 7.30 बजे प्रकाश में आई। फरियादी की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार मुकेश शेंडे कर रहे है।

## अग्निहोत्री ने सपरिवार मताधिकार का किया प्रयोग



**वर्धा.** पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने आज अपने परिवार के साथ चित्तरंजन प्राथमिक विद्यालय रामनगर के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान हमारा राष्ट्रीय एवं सामाजिक कर्तव्य है तथा यह हमारा महत्वपूर्ण अधिकार एवं हक है।

इसलिए हमें स्वयं और दूसरों को प्रत्येक भारतीय नागरिक को मिले इस अधिकार का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग करने और मतदान के कर्तव्य को पूरा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## तृतीयपंथी मतदाताओं ने किया मतदान



**भंडारा.**विधानसभा आम चुनाव के लिए भंडारा जिले में आज तीन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया जारी है. इसकी शुरुआत सुबह सात बजे से हुई. इस मतदान में भंडारा जिले के तृतीयपंथी मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. साढ़े ग्यारह बजे तक जिले में 19.44 प्रतिशत मतदान हुआ। नए मतदाता, वरिष्ठ नागरिक, गृहिणियां, विकलांग श्रमिक आज के विधानसभा चुनाव के लिए सुबह से ही मतदाता वोट डालने के लिए कतार में लग गए।

## ट्रक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

**गोंदिया.** नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवरी से लगभग तीन किमी. की दूरी पर ग्राम मुरदोली के पास सड़क पार कर रहे एक साइकिल सवार को नागपुर से रायपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. ग्राम चिचेवाड़ा निवासी मारोती नत्थु पिहिदे (58) देवरी में काम करता था और प्रतिदिन की तरह काम पर जाने के लिए सुबह साइकिल से अपने घर से निकला था कि अचानक मुरदोली में सड़क पार करते समय पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक क्र. सीजी 04 - पीजी 4313 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई.

## जलगांव जामोद विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार प्रशांत डिक्कर पर हमला

**बुलढाना.**जिले के स्वराज्य पार्टी के जलगांव-जामोद प्रत्याशी प्रशांत डिक्कर अपने सहयोगी के साथ मतदान के अवसर पर बूथ निरीक्षण के लिए सुबह-सुबह शेगांव गये थे. इसी दौरान दोपहिया वाहन पर आए पांच-सात बदमाशों ने उनकी कार रोकर, कार पर पथराव शुरू कर दिया. इस घटना से जलगांव में सनसनी फैल गई है.शेगांव तहसील में कालखेड़ के पास उन पर धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में प्रशांत डिक्कर और उनका साथी ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच प्रशांत डिक्कर को गंभीर दिल का दौरा पड़ा और वह अब भी बेहोश हैं. उनकी हालत गंभीर है और उन्हें आगे के इलाज के लिए अकोला के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।डिक्कर समर्थक कह रहे हैं कि यह हमला राजनीतिक विपक्षी गुंडों ने किया है. छत्रपति संभाजी राजे ने डिक्कर के लिए 3 सभाएं और 1 रैली की थी. उस वक्त संभाजी राजे समेत उम्मीदवार ने भी इस इलाके में आतंक को लेकर चिंता जताई थी.

# चुनाव की गहमागहमी से शहर में फैली गंदगी

## > साफ-सफाई की समस्या दिन-ब-दिन हो रही विकराल

**गोंदिया.**



गोंदिया शहर में साफ-सफाई की समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है. प्रशासनिक प्रशासनिक व्यवस्था नगर परिषद द्वारा संभाले जाने के कारण साफ-सफाई का मुद्दा पड़ा हुआ है. लेकिन नगर परिषद को शहर के वार्डों में पड़े कूड़े-कचरे, जाम नालियों को साफ करने का समय नहीं मिल रहा. जिससे दिन प्रतिदिन नगर परिषद का प्रशासन कमजोर होते जा रहा है. परिणामस्वरूप विधानसभा चुनाव की गहमागहमी में शहर गंदगी के गर्त में चला गया है. घंटा गाड़ी से अन्य साफ-सफाई रामभरोसे चल रही है. नगर परिषद प्रशासन दिन प्रतिदिन शहरवासियों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है. स्वच्छता के मामले में नगर परिषद किसी ग्राम पंचायत से भी कम पड़ रही है. कचरा व्यवस्थापन की समस्या अभी भी बनी हुई हैं. इसके चलते गोंदिया शहर से उठाया गया कचरा वार्ड में डंप किया जा रहा है. जिससे वार्ड साफ-सुथरे होने के बजाय दिन-ब-दिन गंदे होते जा रहे हैं. इस गंभीर समस्या को सुलझाने के बजाय नगर परिषद प्रशासन अक्षमता का परिचय दे रहा है. पिछले कुछ महीनों से शहर के वार्डों में सफाई का कोई काम नहीं हुआ है. इसके कारण जगह- जगह कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ है, नालियों में मलबा जमा है, गंदे पानी की निकासी नहीं होने से दुर्गंध उत्पन्न हो गई है. यह प्रकार शहर में हर जगह देखने को मिलता है. दिवाली जैसा त्योहार भी स्वच्छ वातावरण में नहीं मनाया जा सका. अब जबकि राज्य में विधानसभा चुनाव चल रहा है, नगर परिषद प्रशासनिक तंत्र द्वारा इस समस्या की अनदेखी किए जाने के कारण शहर के सभी वार्डों में कूड़े-कचरे का अंबार लगा हुआ है.

# हिंगनघाट में मतदाताओं का जबरदस्त प्रतिसाद

## > सुबह 7 से 5 तक हुआ 65.63% मतदान



**हिंगनघाट.**

मतदाताओं का जबरदस्त प्रतिसाद देखने को मिला अभिकतम मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखी दिखी हिंगनघाट के गौतम वार्ड मतदान केंद्र 220 पर मतदान शुरू होते ही वोटीग मशीन में खामिया आने से करीब 40 मिनट तक वोटीग प्रक्रीया बंद रही मतदाता वोट नहीं डाल सके.

इसके चलते मतदान केंद्र पर मतदाताओं की भारी भीड़ जमा हो गई थी इसलिए मतदाताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला. चुनाव अधिकारी वंदना सवरंगपते बताया है कि ऐसी घटनाएं दुर्लभ स्थानों पर हुई हैं कुछ मामुली तांत्रीक बिघाड के रहते सुचारु किया गया सभी मतदान केंन्द पें मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से चल हूई है हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 255 नेहरू स्कूल में शास्त्री वार्ड की एक युवती निर्शाद कौसर जाकिर शेख का पहले ही किसी ने वोट डाल देने से असतोष निर्माण हूवा था।

### जिले में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत

इसके बाद युवती ने मतदान नियमों के तहत मतपत्र पर मतदान किया. हिंगनघाट निर्वाचन क्षेत्र में सुबह से लेक शाम 5 बजे 65.63% मतदान हूवा जिले में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत देखा गया और मतदान केंद्र पर मतदाताओं की बड़ी कतारें मतदान केंन्द पे देख रही थी.

# जिले में शाम पांच बजे तक 63.49 प्रतिशत मतदान हुआ

**वर्धा.**



जिले के चारों विधानसभा चुनाव में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 63.49 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस मौके पर मतदाताओं में उत्साह दिखा. कुछ मतदान केंद्रों पर महिला एवं युवा मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया. इसमें नए मतदाता, महिलाएं, दिव्यांग मतदाता और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र पर सुविधा मुहैया करायी गयी थी. शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे तक 63.49 प्रतिशत मतदान हुआ. आर्वी 64.22 प्रतिशत, देवली 62.81 प्रतिशत, हिंगनघाट 65.63 प्रतिशत, वर्धा विधानसभा क्षेत्र 61.33 प्रतिशत मतदान हुआ.

आर्वी निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2 लाख 65 हजार 420 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 33 हजार 598 पुरुष और 1 लाख 31 हजार 820 महिला सहित 2 अन्य मतदाता हैं। इनमें से शाम 5 बजे तक 87 हजार 48 पुरुष मतदाता (65.16 प्रतिशत), 83 हजार 395 महिला मतदाता (63.26 प्रतिशत) और 1 लाख 70 हजार 443 (64.22 प्रतिशत) मतदाताओं ने मतदान किया.

देवली विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 74 हजार 608 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 38 हजार 538 पुरुष और 1 लाख 36 हजार 70 महिलाएं हैं. इनमें से शाम 5 बजे तक 87 हजार 254 पुरुष मतदाता (62.98 प्रतिशत), 85 हजार 238 महिला मतदाता (62.64 प्रतिशत) और 1 लाख 72 हजार 492 (62.81 प्रतिशत) मतदाताओं ने मतदान किया.

हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 97 हजार 547 है, जिनमें 1 लाख 51 हजार 538 पुरुष और 1 लाख 46 हजार 9 महिलाएं हैं. इनमें से शाम 5 बजे तक 1 लाख 666 पुरुष मतदाता (66.43 प्रतिशत), 94 हजार 605 महिला मतदाता (64.79 प्रतिशत) और 1 लाख 95 हजार 271 (65.63 प्रतिशत) मतदाताओं ने मतदान किया. वर्धा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2 लाख 94 हजार 751 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 47 हजार 411 पुरुष और 1 लाख 47 हजार 329 महिला और 11 अन्य मतदाता हैं। इनमें से शाम 5 बजे तक 91 हजार 757 पुरुष मतदाता (62.25 प्रतिशत), 88 हजार 994 महिला मतदाता (60.40 प्रतिशत) और 8 अन्य मतदाता (72.73 प्रतिशत) ने वोट डाले। वर्धा जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों आर्वी, देवली, हिंगनघाट और वर्धा में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुआ। सुबह सात बजे से ही मतदाता मतदान केंद्रों पर मौजूद रहे. हर जगह मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं. दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता आसानी से मतदान कर सकें, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गयी थी.

मतदाताओं में उत्साह पैदा करने के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श बूथ बनाए गए थे। यह मतदान केंद्र मतदाताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. इस मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने वोट देने के लिए काफी उत्साह दिखाया. जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिला प्रबंधन मतदान केंद्र, दिव्यांगता प्रबंधन मतदान केंद्र, युवा कर्मचारी प्रबंधन मतदान केंद्र एवं आदर्श मतदान केंद्र, परधानिशिन मतदान केंद्र की स्थापना की गई। इको फ्रेंडली पोलिंग स्टेशन, कीलेस पोलिंग स्टेशन, पिंक वोटर स्टेशन, सैचुरियन पोलिंग स्टेशन, रेनबो थीम पोलिंग स्टेशन, कीलेस पोलिंग स्टेशन मतदाताओं के लिए आकर्षण बने।

चारों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 1342 मतदान केंद्रों पर अच्छी पुलिस व्यवस्था की गयी थी. मतदान अवधि के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्रों पर बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

कलेक्टर राहुल कार्डिले ने कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से दिनभर मतदान केंद्र पर होने वाले घटनाक्रम की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चुनाव निरीक्षक के साथ मतदान केंद्र का दौरा किया. विभिन्न स्कूलों में मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया.

चुनाव निरीक्षक जय प्रकाश सिंह ने आंजी स्थित मतदान केंद्र व अन्य मतदान केंद्रों का दौरा किया. जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कार्डिले ने केसरीमल गर्ल्स स्कूल, रत्नीबाई विद्यालय, न्यू इंग्लिश हाईस्कूल समेत विभिन्न स्कूलों में मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया.

# एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी: कल से शुरू

## > कृषि नवाचारों का होगा भव्य प्रदर्शन

**नागपुर.**

विदर्भ में किसानों को कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकी और व्यापारिक संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित अग्रोव्हीजन कृषि प्रदर्शनी का आगाज 22 नवंबर को होगा। यह प्रदर्शनी पीडीकेवी, दाभा मैदान पर आयोजित की जा रही है, जिसकी तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। इस साल की थीम 'किसान सशक्तिकरण के लिए यंत्र, तकनीकी और व्यापार वृद्धि के मंत्र' पर आधारित है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन 22 नवंबर को सुबह 10:30 बजे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रा बाबू नायडू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। इसके अलावा, कई केंद्रीय मंत्री और प्रतिष्ठित विशेषज्ञ इस मौके पर मौजूद रहेंगे। इस साल 15वें अग्रोव्हीजन



में 400 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। 11,000 वर्ग मीटर के हैंगर और 6,000 वर्ग मीटर के खुले मैदान में प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। ड्रोन कृषि, आईआईटी इनक्यूबेटर्स और नवीनतम कृषि तकनीकों का प्रदर्शन। 41 विषयों पर कार्यशालाएं। एमएसएमईएस और स्टार्टअप्स के लिए विशेष पवेलियन। विदर्भ में दुग्ध व्यवसाय वृद्धि और खाद्य प्रसंस्करण पर सम्मेलन। इस साल यूपीएल मुख्य प्रायोजक है। महिंद्रा, सोनालिका, टैफे, जॉन डीयर जैसी ट्रैक्टर कंपनियां; आईआईटी खड़गपुर, वीएनआईटी नागपुर, पीडीकेवी अकोला जैसे संस्थान और कई शोध संस्थान एवं सरकारी विभाग अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।आयोजकों ने किसानों, कृषि छात्रों और उत्पादकों से इस प्रदर्शनी में शामिल होने और कार्यशालाओं व सम्मेलनों का लाभ उठाने की अपील की है।

### किसानों के लिए अनूठे अवसर

कार्यशालाओं में देशभर के विशेषज्ञ किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। इनमें हल्दी-अदरक प्रसंस्करण, बांस की खेती, मधुमक्खी पालन, प्राकृतिक कृषि, विदर्भ में एग्रो-टूरिज्म और कृषि रसायनों का सही उपयोग जैसे विषय शामिल हैं।

**23 नवंबर:** गन्ने की खेती पर कार्यशाला।

**24 नवंबर:** खाद्य प्रसंस्करण के अवसर।

**25 नवंबर:** संतरा उत्पादन और मत्स्य व्यवसाय पर सत्र।

अग्रोव्हीजन कृषि प्रदर्शनी किसानों के लिए एक बेहतरीन मंच है, जहां वे नवीनतम तकनीकों से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के तरीके सीख सकते हैं।

# परमाणु हथियार बनाने के बेहद करीब ईरान

**तेहरान.** ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। ईरान ने फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम (ई-3) द्वारा आईएईए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में नए प्रस्ताव लाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने इस कदम को सकारात्मक माहौल के खिलाफ बताया। उन्होंने अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बारोट से फोन पर बातचीत में कहा कि यह प्रस्ताव स्थिति को और अधिक जटिल बना देगा। आईएईएके प्रमुख राफेल ग्रोसी ने हाल ही में ईरान का दौरा किया। इस दौरे के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर सभी संदेहों को दूर करना चाहता है। इसके तहत ईरान ने आईएईए को यह प्रस्ताव दिया कि वह अपने 60% संवर्धित यूरेनियम के भंडार को 185 किलोग्राम तक सीमित करेगा।

# समता सैनिक दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 22 से 24 तक

**सौंसर.**

भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी द्वारा समता स्वतंत्रता बंधुता व न्याय स्थापित हो इस उद्देश्य से सामाजिक मजबूती व सुरक्षा हेतु सन 1927 में समता सैनिक दल की स्थापना की थी। इसी कड़ी में सौंसर नगर में समता सैनिक दल जिला शाखा सौंसर के तत्वावधान में समता सैनिक दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बौद्ध विहार सौंसर में 22,23,24 नवंबर को किया गया है। समता सैनिक दल के जीओसी बाबाराव चारे, कैंप चीफ अशोक डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मार्गदर्शक भदंत नागदीपांकर,अध्यक्ष डीएफ कोचे, महासचिव एमआर राउत, जीओसी प्रदीप डोंगरे, ट्रेनिंग चीफ संघप्रिय नाग,पृथ्वीराज मोटधरे द्वारा



समता सैनिक दल पर मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जायेगा।

साथ ही शिविर में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर साहित्यकार एसआर शेंडे, पीके गुर्वे,बीएमओ योगेश शुक्ला, थाना प्रभारी सौंसर एबी मर्सकोले, डॉ वाय एल ठवरे, डॉ श्वेता गजभिए,एड विनोद धनराज, इंडियन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी, राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष रत्नमाला पिसे, डॉ चंद्रशेखर गजभिए, डॉ विजयश्री बागडे द्वारा बौद्धिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में सैनिक व सैनिकों को कराते, लाठी काठी, पीटी परेड प्रशिक्षण, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग प्रशिक्षण, बौद्धिक मार्गदर्शन, हेल्थ चेकअप, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। 24 नवंबर को बुद्ध विहार सौंसर से नगर भ्रमण हेतु निकलने वाले पथसंचलन में बौद्ध-आम्बेडकरी समाज बंधुओ, अनुयाइयों व आमजनों से शामिल होने निवेदन किया गया है।

# गौसेवकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## > जल्द कार्रवाई की मांग

**सौंसर.**

नगर में आवारा घूम रहे गोवंश के कारण बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और गौमाता की दुर्दशा को लेकर सौसर के गौसेवकों और हिंदूवादी संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश प्रभारी यमन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। शांति पूर्ण तरीके से ज्ञापन देते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**सड़कों पर भटकते गोवंश से बढ़ रही दुर्घटनाएं**

गौसेवक वैष्णव खंडाइत ने बताया कि सड़कों पर आवारा गौमाता प्लास्टिक और कचरा खाने के कारण बीमार हो जाती हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। सड़क पर झुंड में बैठी गायों से सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है, जिसमें जान-माल की हानि हो रही है। उन्होंने गौशालाओं की संख्या बढ़ाने और आवारा गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की।

ज्ञापन में गौसेवकों ने कहा कि गौशालाओं के बावजूद गोवंश



सड़कों पर घूम रहे हैं, जो प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि अपने पशुओं को आवारा छोड़ने वाले पशु पालकों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही गौतस्करी रोकने के लिए सीमाओं पर विशेष चेक पोस्ट बनाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

**गौसेवा पर जागरूकता अभियान चलाने की योजना**

गौसेवक आदित्य दवंडे ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, धर्म और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने सरकार से गौसेवा को शिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल करने और गौपालन को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कारों की शुरुआत की मांग की। साथ ही, गौसेवा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना बताई।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी**

राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश प्रभारी यमन साहू ने कहा कि यदि शासन ने उनकी सात सूत्रीय मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो हिंदू समाज संगठनों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन के लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, टायगर ग्रुप सहित अनेक संगठनों के सदस्य और प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 226-0 | 229-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 780-5 | 679-2 |

# 26 को बौद्ध नवयुवक-युवती परिचय सम्मेलन




**सौंसर.**

आगामी 26 नवंबर को सविधान दिवस के उपलक्ष में बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर की ओर से एकदिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन समिति सौसर जन्मदाता डॉ अशोक भगत, मार्गदर्शन मुरलीधर कामले अध्यक्ष मुकेश बागड़े, उपाध्यक्ष राजेश बागड़े,सचिव सिद्धार्थ सोमकुंवर,लष्मीदास बोरकर ने बताया की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष बौध्द परिचय सम्मेलन समिति सौसर के माध्यम से समाज बंधुओ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी को साथ लेते हुए मंगलवार को 26 नवंबर को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सुबह सामूहिक बुद्ध वंदना, भारतीय संविधान के प्रियम बल का वाचन, दोपहर में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं भारतीय संविधान के प्रियमबल का विभिन्न शासकीय अर्थशास्त्रीय कार्यालय में वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण एवं शाम 7 बजे बुद्ध विहार सौसर में भारतीय संविधान, पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा।

सभी समाज बंधुओ से उपरोक्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील परिचय सम्मेलन समिति सरक्षक डॉ वाय एल ठवरे,देवेंद्र बागड़े, लष्मीदास बोरकर,दिलीप बागड़े,राजेश बागड़े,एड सरोज दुफारे,मिलिद बंसोड़,कुडलीक पगारे,प्रेमराज गजभिये,लेखराज बंसोड़,मयूर गजभिये,सिद्धार्थ बागड़े,अरविंद बंसोड़,दिवाकर बागड़े, आदि पदाधिकारीयो की ओर से की गई।

# शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा जिला स्तरीय युवा उत्सव में तृतीय स्थान पर



**सौंसर.**

शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा द्वारा शासकीय महाविद्यालय परासिया में जिला स्तरीय युवा उत्सव के सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए पक्ष के समूह नृत्य मंगलागौरी लोकनृत्य लोधीखेड़ा महाविद्यालय की छात्राओं तृतीय स्थान पर रही। मंगलागौरी लोकनृत्य जो नव विवाहित महिलाओं के लिए उनके विवाह के 5 वर्षों के लिए एक उत्सव है जिसमें आसपास के घरों की एवं ससुराल और मायके पक्ष की महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित होकर मां गौरी के लिए प्रार्थना करती है एवं उसे उत्सव के रूप में मनाती हैं, जिसमें महिलाएं सुखी विवाह के लिए देवी गौरी से प्रार्थना करती हैं दर्शाया गया।

लोधीखेड़ा शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं की प्रस्तुति में फुगड़ी नाच, घूमा लाटया बाई लाटया घागर घूम दे जैसे नृत्य शामिल रहे। हर कोई अपने पारंपरिक रंगीन नॉ गज की साड़ी और आभूषणों से सज धज कर इस उत्सव में शामिल रही। जिसमें प्रशंसा सोनी, प्रिया शेंडे, निकिता सिरसाम, सुजाता शेंडे, ज्ञानेश्वरी सुरजुसे, प्रियंका सुरजूसे, गायन डॉ विजयश्री बागड़े द्वारा व ढोलक पर विशाल इंगले, तबला पर संदेश इंगले ने साथ दिया। टीम मैनेजर के रूप में अजय गिरी जिसमें लोधीखेड़ा महाविधालय के प्राचार्य अमोल पाटिल एवं महाविद्यालय परिवार ने छात्राओ का उत्साहवर्धन किया।

# जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया बवासीर दिवस



**सौंसर.**

विश्व बवासीर दिवस हर वर्ष सौंसर मनाया जाता है जिसका उद्देश्य आम लेकिन उपेक्षित बीमारी बवासीर के बारे मे जागरूकता बढ़ाना है इसे पाइल्स के नाम से भी जाना जाता हैं इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा में पदस्थ डॉ सोना नाग शिववेदी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्राम के लोगो को पाइल्स क्या है क्यों होता हैं इस विषय में बताया ,लोगो की भ्रांतियां भी दूर की गई साथ ही उन्हें बताया गया की उपचार के साथ ही यदि जीवनशैली में परिवर्तन किया जाए तो रोग के लक्षणों को कम एवं उपचार को बढ़ावा देने में सहायता मिल सकती हैं अपनी दिनचर्या में बदलाव करें ज्यादा से ज्यादा पानी पिए ,अधिक फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें जूस की जगह फलों का सेवन करें,जंक फूड्स एवं ज्यादा तेल मिर्च मसालों से बने आहार के सेवन से बचे व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें साथ ही वजन को भी नियंत्रित रखें,ढीले एवं आरामदायक वस्त्र पहने,ज्यादा देर तक न बैठे, भारी वजन न उठाएं,तनाव मुक्त रहने के लिए योग प्राणायाम करें। एवं होम्योपैथी चिकित्सा में भी पाइल्स का इलाज है इस बारे में भी बताया गया।

# लोकतंत्र के इस महापर्व में इन्होंने निभाया अपना मतदान का अधिकार और जिम्मेदारी भी



डॉ. दिपेन अग्रवाल अध्यक्ष चेंबर ऑफ ए महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड

डॉ. ऋचा राजकुमार जैन वाइस प्रेसीडेंट बीजेपी जैन सेल

किरण पेठे, रेखा पेठे और अश्विनी पेठे

डॉ. तसनीम फीदवी, सदर

डॉ. सोनलकुमार भगत

तैयब भाई आरिफ महाल

सी ए गणेश खरोडे

राजेश खंडेलवाल, डायरेक्टर, खंडेलवाल ज्वेलर्स एंड साड़ीज़

आयुष शर्मा, जनरल मैनेजर, अरनेजा हॉस्पिटल, नागपुर

कलगीधर सत्संग मंडल के संयोजक दादा माधवदास ममतानी सहपरिवार

डॉ. राजेश नाईक, पत्नी मयुरी नाईक

खालिक भाई तुराबभाई पठान व शबनम खालिक भाई पठान

निलीमा बावणे व मजुषा यावलकर

कस्तूरी बावणे, श्रुती व शिल्पा यावलकर

डॉ प्रवीण सहावे अभ्युदय पाइल्स लेज़र हॉस्पिटल

प्रा. हर्षवर्धन खरपाटे परिवार

अस्मिता व कस्तूरी बवाने

बृजमोहन तिवारी सह रुचि तिवारी नाइल प्रॉपर्टीज

डॉ. संकेत दुबे

मुकेश मेहाडिया

पुष्कर लाभे डिप्टी मैनेजर एडमिन ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल नागपुर

अश्विनी बुजोणे और ओंकार बुजोणे

डॉ आनंद संचेती, डायरेक्टर, न्यू ईरा हॉस्पिटलस

ओम प्रकाश मिश्रा नागपुर

अशोक गडेकर परिवार

जयंत पाठक व परिवार

नागपुर गार्डन क्लब की पदाधिकारी सुनीता शर्मा ने उनके पति के साथ मतदान किया.

मोहसिन मंसूरी

अतुल वंदिले ने सहपरिवार निभाया फर्ज

समीर कुणावार ने सहपरिवार किया मतदान

लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए प्रियंका सावनकर ने किया मतदान।

डॉ. विपिन इटनकर

डॉ. रवींद्र सिंगल

विजयलक्ष्मी बिदरी

किशोर बन्सोड

राजेंद्र मुलक

डॉ. सुनील वाशिंमकर

डॉ. राजेश काले

कनक चेतन चांडक